उर्वरकों का आयात

3206. डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी :
श्री मोतीभाई आर० चौधरी :
श्री छोतूभाई गामित :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में उर्वरकों की कमी को देखते हुए विदेशों से इनका आयात करने का निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने उर्वरकों का आयात किया गया और उनका आयात मूल्य कितना था ; और

(घ) वे देश में किसानों को किस मूल्य पर बेचे गये ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) और (ख) पिछले वर्षों की तरह चालू वर्ष के दौरान भी कृषि सम्बन्धी जरूरतों और देशी उत्पादन तथा वर्ष की शुरुआत में उपलब्ध स्टाक के बीच के अन्तर को पूरा करने के लिए उर्वरकों का आयात किया जा रहा है। आयात की जाने वाली मात्रा का ब्यौरा बताना सार्वजनिक हित में नहीं होगा।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान आयात किए गए उर्वरकों की कुल मात्रा नीचे दी गई है—

वर्ष	पोषक तत्वों की लाख मीटरी टनों में मात्रा
1981-82	20.41
1982-83	11.32
1983-84	13.55

पिछले 3 वर्षों के दौरान उर्वरकों के अन्तरराष्ट्रीय मूल्य मांग और आपूर्ति की स्थिति के मुताबिक एक देश से दूसरे देश में समय-समय पर भिन्न-भिन्न रहे।

(घ) भारत में आयातित तथा देशी उर्वरकों दोनों के फुटकर बिक्री मूल्य एक समान हैं तथा सम्बन्धित वर्ष के अन्त में प्रमुख उर्वरकों के मूल्य इस प्रकार रहे—

वर्ष	बिक्री मूल्य (रु० प्रति मीटरी टन)		
	यूरिया	डाई-अमोनिया फास्फेट	म्यूरिएट आफ पोटाश
1981-82	2350	3600	1300
1982-83	2350	3600	1300
1983-84	2150	3350	1200